हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 मार्च 2025

11 अपराधों पर लगाम लगाने के साथ आपात स्थिति में...



12 बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डबवाली पुलिस ने जांची परीक्षा केंद्रों की...



## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**सिरसा।** सिरसा रोड खेल स्टेडियम के निकट कार ने सडक़ पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार वाहन छोडक़र फरार हो गए। मृतक की पहचान अबोहर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कालूराम जब सडक़ क्रॉस कर रहा था तब वह कार की चपेट में आ गया। हादसे मे घायल कालूराम ने मौके पर दम तोड़ दिया। लोगों ने हादसे के बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### हेरोइन सप्लायर को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**ओढां।** ओढ़ा पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी जसपाल सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी घुकांवाली को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि कि दिनांक 4.9.24 को सीआईए स्टाफ डबवाली टीम ने गांव घुकांवाली से 6.66 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी मनदीप सिंह पुत्र अजायब सिंह निवासी घुकांवाली को काबू किया है। आरोपी जसपाल सिंह के द्वारा ही आरोपी मनदीप सिंह को हेरोइन चिट्टा उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के आदेशानुसार जेल सिरसा में बंद करवाया दिया।

### श्री दुर्गा मंदिर में मासिक भंडारा 7 को

**ओढां।** श्री दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष में हर महीने ग्रामवासियों के सहयोग से पुरानी अनाज मंडी में स्थित श्री दुर्गा मन्दिर ओढ़ा में भंडारा करवाया जाता है। जानकारी देते हुए दुर्गा मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र ने बताया कि श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर 7 मार्च को शाम 7:15 बजे कंजक पूजन के साथ मासिक भंडारा शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भंडारे के बाद श्री दुर्गा भजन मंडल के सदस्य माता रानी का गुणगान करेंगे, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

### हथियार का प्रदर्शन अवैध कब्जा करने पर आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन कर दहशत का माहौल बनाने और शमशाम भूमि के कुछ हिस्से पर अवैध कब्जा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान नरेश कुमार उर्फ लीला पुत्र फतेह सिंह निवासी हिंदवान, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 जुलाई 2024 को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

## नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद, 12 को आएगा परिणाम

# दिग्गज नेताओं ने भी डाले वोट, युवाओं के साथ बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह

**डीसी शांतनु शर्मा व एसपी विक्रांत भूषण ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद सिरसा के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए हैं। इसी के साथ उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया और 12 मार्च को खुलेगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे संपन्न हुई। मतदाताओं में उत्साह देखा गया और उन्होंने लाइनों में लगकर मतदान किया। डीसी शांतनु शर्मा व एसपी विक्रांत भूषण ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, पूर्व मंत्री रणजीत सिंह, सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा, जेजेपी के अध्यक्ष अजय चौटाला ने भी अपने-अपने बूथों में मतदान किया।

शुरूआती दौर में मतदान प्रतिशत कम रहा। सुबह 10 बजे तक 10 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि दोपहर 12 बजे तक मतदान प्रतिशत में बढोतरी हुई और 18.8 हो गया। 2 बजे तक 34 प्रतिशत, 4 बजे तक 43.5 प्रतिशत मतदान हुआ। देर शाम तक 55.9 प्रतिशत मतदान हो चुका था। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ लगी रही। परिवार के सदस्य बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर लाए। जिला प्रशासन की ओर से पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई गई। 32 वार्डों के लिए प्रशासन की ओर से 143 मतदान केंद्र बनाए गए थे। डीसी शांतुने शर्मा ने बताया कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



मतदान के लिए लाइन में लगे मतदाता



### चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर

सिरसा नगर परिषद प्रधान पद का चुनाव भाजपा-हलोपा मिलकर लड़ रही है। जबकि कांग्रेस, इनेलो, जेजेपी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। इसके अलावा आजाद प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है। भाजपा-हलोपा ने शांति स्वरुप को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस की ओर से जसविंद्र कौर प्रत्याशी हैं। इसके अलवा इनेलो ने ओमप्रकाश मेघवाल व जेजेपी ने लक्की चौधरी पर दांव लगाया है। तीन बार पार्षद रहे राजेंद्र कुमार उर्फ राजू भी चुनावी मैदान में हैं। सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया और 12 मार्च को खुलेगा।



एक वृद्ध महिला को पोलिंग बूथ पर लाते परिजन



सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात पुलिसकर्मी

# जाखल नगरपालिका चुनाव : प्रदेश में सर्वाधिक 85.2% हुई वोटिंग

- 9425 मतदाताओं में से 1391 लोग निकले पप्पू, नहीं डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जाखल नगरपालिका के अध्यक्ष व 14 पार्षदों को लेकर रविवार को छिटपुट घटनाओं को छोडक़र मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जाखल में रिकार्ड तोड़ 85.2 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया यानि में कुल 9425 मतदाताओं में से 8034 लोगों ने अपना नेता चुनने के लिए वोट डाले। जाखल का वोट प्रतिशत पूरे प्रदेश में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में सर्वाधिक है। जाखल प्रदेश में सबसे कम मतदाताओं वाली नगरपालिका है लेकिन मतदान के मामले में सबसे आगे रही। ज्यादा मतदान को सत्ता पक्ष के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। मतदान के बाद सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया, जहां कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जाखल में बाजी किसके हाथ लगती है, इसका पता 12 मार्च को होने वाली मतगणना के बाद लगेगा। वार्ड नं. 4 के बूथ 4 पर ईवीएम खराब होने से करीब एक घंटे तक मतदान रूका रहा। बता दें कि जाखल नगरपालिका में प्रधान पद और 14 पार्षदों के चुनाव को लेकर वोटिंग हुई। जाखल में इस बार मतदाओं की कुल संख्या 9425 है। रविवार सुबह 8 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। सुबह से ही जाखल में मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया और मतदान केन्द्रों के बाहर लाइने लगनी शुरू हो गई थी। वार्ड नंबर 4 के बूथ नं. 4 पर दोपहर को अध्यक्ष पद को लेकर लगाई गई ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आ गई जिस कारण मतदान रूक गया। वोटिंग बंद होने मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुरेंद्र मित्तल भी मौके पर पहुंचे है। करीब एक घंटे बाद मशीन ठीक होने के बाद फिर से मतदान शुरू कराया गया। यहां प्रधान पद के लिए भाजपा उम्मीदवार सुरेन्द्र मित्तल और आजाद उम्मीदवार विकास कामरा के बीच सीधा मुकाबला है। विकास कामरा को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया हुआ है। जाखल में कुल मतदाताओं की संख्या 9425 है।



फतेहाबाद। जाखल में ईवीएम खराब होने के चलते बूथ के बाहर इंतजार करते लोग।



फोटो :हरिभूमि

### ऐसे-ऐसे बढ़ता गया मतदान

जाखल में दोपहर 1 बजे तक 57.6 प्रतिशत यानि कि 5432 लोग अपना वोट डाल चुके थे। दोपहर 2 बजे तक 63.4 प्रतिशत यानि 5974 लोगों ने, दोपहर अढ़ाई बजे तक 67.1 प्रतिशत यानि 6320 लोगों ने, 3 बजे तक 75.6 प्रतिशत यानि 7122 लोगों ने अपने वोट डाले। शाम 4 बजे जब रिकार्ड 80.2 प्रतिशत यानि 7557 लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। शाम 5 बजे तक 83.9 प्रतिशत यानि 7905 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। मतदान के अंतिम घंटे में भी बूथों पर लोगों की लाइनें देखी गई। मतदान खत्म होने तक यहां 6 बजे तक 85.2 प्रतिशत यानि 8034 लोगों ने मतदान किया।

# सीडीएलयू में साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के यूकोप और ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल द्वारा संयुक्त रूप से साइबर सुरक्षा विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक पेशेवर सन्नी त्यागी ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित किया और साइबर अपराधियों द्वारा नई तकनीकों का उपयोग करके व्यक्तिगत डेटा, डिजिटल सिस्टम चोरी करने के प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रैंसमवेयर, फिशिंग और डेटा उल्लंघन जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं जिसके



परिणामस्वरूप न केवल व्यक्तिगत नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकारी और निजी क्षेत्र भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। साइबर हमलों के खिलाफ सुरक्षा प्रोटोकॉल और तकनीकी उपाय और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता। प्रतिभागियों को अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखने और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद कर्मचारियों और शोधार्थियों द्वारा प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, डॉ. सुनील कुमार शर्मा, प्रो. रानी देवी, डॉ. सरोज मेहता, देवेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं शोधार्थी शामिल हुए।



रतिया। फतेहाबाद रोड पर चल रह डिवाइडर बनाने का काम।

### कार्यकारी अभियंता के निर्देशों के दो दिन बाद ही डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

फतेहाबाद रोड को चौड़ा करने के बाद डिवाइडर न बनाने के कारण हो रहे हादसों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता केसी कंबोज के दो दिन पहले दिए गए निर्देशों के बाद रविवार को ठेकेदार ने रोड के बीच में डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस पर लोगों ने विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया है। बता दें कि फतेहाबाद रोड पर रोड को चौड़ा करने का कार्य लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा करवाया गया था। ठेकेदार द्वारा फतेहाबाद रोड को चौड़ा तो कर दिया गया था लेकिन बीच में डिवाइडर नहीं बनाए गए थे। डिवाइडर न बनाने के कारण रोजाना हादसे हो रहे थे, जिसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर रोष भी व्यक्त किया था। रोष व्यक्त करने के बाद लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता केसी कंबोज ने दो दिन पहले विभाग के उपमंडल अधिकारी को फतेहाबाद रोड पर जल्द से जल्द डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए थे। कार्यकारी अभियंता के निर्देश के बाद आज लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी संदीप सचदेवा की मौजूदगी में विभाग के ठेकेदार ने फतेहाबाद रोड पर डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। ठेकेदार के मजदूरों ने सरदूलगढ़ कैंची चौक से लेकर अजीतसर गुरुद्वारा साहब के नजदीक तक डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू किया है। उप मंडल अधिकारी संदीप सचदेवा ने बताया कि कार्यकारी अभियंता द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए आज डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है।

**मांग** पक्का रोजगार व सीएम द्वारा घोषित 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

# 16 हजार वेतन पत्र जारी कर सरकार ने की वायदाखिलाफी : बेगराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में 18 सालों से कार्यरत 11 हजार सफाई कर्मचारियों का रोजगार पक्का करने और 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा को तुरंत लागू करवाने की मांग को लेकर जिलेभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा आज फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ सम्बंधित सीटू के राज्यव्यापी आह्वान पर जिलेभर से ग्रामीण सफाई कर्मचारी उपायुक्त कार्यालय के बाहर पार्क में इकट्ठा हुए और धरना देकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



फतेहाबाद। उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

धरने की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार ने की व संचालन जिला सचिव हरपाल सिंह द्वारा किया गया। धरने के बाद ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, जिला सचिव हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह व सीटू नेता बेगराज ने कहा कि 24 नवम्बर को जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय महासम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन करीबन ढाई माह बीत जाने के बाद आज तक भी ये घोषणा लागू नहीं हुई है। 6 फरवरी को केवल एक हजार रुपये बढ़ोतरी करके 16 हजार वेतन का पत्र जारी किया गया, जिससे 26 हजार वेतन लागू करने पर सवालिया निशान लग गया है। उन्होंने कहा कि सीएम की घोषणा के बाद ग्रामीण सफाई कर्मियों ने कुछ राहत की सांस ली थी कि कम से कम महंगाई को देखते हुए वेतन तो कुछ ठीकठाक मिल जाएगा। सफाई कर्मियों को उम्मीद थी कि सरकार इसको जनवरी 2025 से लागू करके सफाई कर्मियों को नए साल का तोहफा देगी, लेकिन ऐसा ना करने से आज सफाई कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

### 8-9 मार्च को की जाएगी आंदोलन की घोषणा

यूनियन नेताओं ने कहा कि 7 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 8 व 9 मार्च को सिरसा में होने यूनियन के दो दिवसीय राज्य सम्मेलन में अगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। आज के धरना प्रदर्शन को सीटू के जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा, कोषाध्यक्ष बेगराज, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल, सतवीर सिंह, पवन कुमार ,हरपाल सिंह, जगदीश चंद्र, गुरदास, अनिल कुमार, दर्शन सिंह इत्यादि ने भी संबंधित किया।

सफलता मन की शांति है, जो यह जानने में आत्म संतुष्टि का प्रत्यक्ष परिणाम है कि आपने सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास किया, जिसके लिए आप सक्षम हैं।

- जॉन वुडन



*आंगन में अंधेरा पसर आया तो रमा ने बिजली जला दी। सलौनी और उसके बच्चे गली से घर के आंगन में पहुंच चुके थे। पशुओं का काम निपटा उसने चार मोटी-मोटी रोटियां बनायी और दूध में डुबोकर उनके टुकड़े कर सलौनी और उसके बच्चों के आगे सरका दी। बच्चे रोटी खाने में व्यस्त हो गये, मगर सलौनी ने रोटियों को मुंह तक नहीं लगाया।*





कहानी

**आशा खत्री 'लता'**

# आज रात नहीं सोएगी सलौनी

पतिदेव बच्चों सहित भानजे की शादी में भात लेकर गये हैं। घर में रमा अकेली है। शाम से ही दो-तीन पड़ोसनें बारी-बारी से आकर रात में अकेले न सोने की ताकीद करती हुई खुद या किसी बालक को उसके पास सुलाने का आग्रह कर गयी हैं। मगर वह हरेक को यही उत्तर देती - "अकेली कहां, सलौनी और उसके बच्चे हैं ना।"उसके उत्तर पर पड़ोसनें मुस्कुराती नजरों से उसे देखती हुई उचटती सी निगाह सलौनी पर डालकर हंसती हुई चली जाती। उनकी हंसी में हास्य और व्यंग्य दोनों का पुट शामिल होता, लेकिन रमा जानकर भी अनजान बन अपने काम में लग जाती। 'लोगों की आदत है।' मन ही मन यही दोहराती हुई।

शाम ढल चुकी थी। आंगन में अंधेरा पसर आया तो रमा ने बिजली जला दी। सलौनी और उसके बच्चे गली से घर के आंगन में पहुंच चुके थे। पशुओं का काम निपटा उसने चार मोटी-मोटी रोटियां बनायी और दूध में डुबोकर उनके टुकड़े कर सलौनी और उसके बच्चों के आगे सरका दी। बच्चे रोटी खाने में व्यस्त हो गये, मगर सलौनी ने रोटियों को मुंह तक नहीं लगाया। वह चुपचाप बैठी रही। रमा ने उसे बार-बार कहा, इशारे किये मगर सलौनी टस से मस न हुई।

फिर रमा ने रोटी उसके बिल्कुल सामने सरकायी लेकिन सलौनी पर अब भी कोई असर नहीं हुआ। हां, इस बीच पिलूरे रोटी खाकर गली का चक्कर लगाने चले गये। लेकिन सलौनी वहीं गर्दन मोड़कर पेट में मुंह दिये पड़ी रही। 'मूक कह भी तो नहीं सकती कि रोटी क्यों नहीं खा रही, काश! इसके जुबान होती?' सोचती हुई रमा ने सुबह की रखी रोटी बोहिये से उठायी और थोड़ी सी मलाई उस पर रखकर खाने लगी। इतने में क्या देखती है कि सलौनी के शरीर में हरकत हुई और वह इत्मिनान से रोटी खाने लगी। रमा का जी भर आया, इतना प्यार, इतनी परवाह तो इन्सान भी इन्सान के प्रति न रखे। घर के काम से निपटी तो सलौनी और उसके बच्चे गली की घुमाई कर आ चुके थे। रमा ने बाहरी दरवाजे पर ताला लगाया, इसके बाद आंगन में 'फर्राटा' लगाकर अपनी चारपाई बिछाई तथा दूसरी सलौनी और उसके बच्चों के लिये लगा दी।

सलौनी जैसे इसी के इंतजार में थी। वह उचककर खाट पर जा चढ़ी, उसके बच्चों ने भी उसका अनुसरण किया। सारे के सारे कूं, कूं करते हुए आराम से चारपाई पर लेट गये। रमा भी अपनी चारपाई पर लेटकर आसमान को ताकने लगी। उसे दिन में मिलने आयी शुभचिन्तक पड़ोसनों की व्यंग्य भरी नजरें याद आई, उसका मन विचलित हो गया, अकेलापन सताने लगा। मगर अगले ही पल सलौनी के साथ ने उसे अकेलेपन के अहसास से उबार लिया। मन सलौनी के प्रति ममता से भर उठा। उसने करवट ली और हाथ बढ़ाकर सलौनी को सहलाने लगी। सलौनी ने भी पूंछ हिलाकर उसकी ममता को स्वीकार किया। रमा सोचने लगी पड़ोसनों का क्या दोष!

पिछले दिनों जब मां आयी थी तो उन्हें भी सलौनी का पूरे घर में इस तरह बेरोक-टोक घूमना, सटकर बैठना, खाट पर सोना नागवार गुजरा था। तभी तो वे कह उठी थी-

"गाँव में आकर तेरा रहन-सहन भी बिल्कुल बेसुरा हो गया है। कोई कुत्तों को भी ऐसे..."

"माँ" माँ के बात पूरी करने से पहले ही वह मुस्कुराते हुए बोल पड़ी थी।

"....तुझे नहीं पता इनकी अहमियत, इनका प्यार इनका निश्छल व्यवहार मनुष्यों से भी अधिक अपनत्व भाव। पेट भरने को तो ये कहीं भी भर लें, इन्होंने कौनसा हम मानुसों की तरह जोड़-जुगाड़ करना है। ये बेचारे तो बिन झोली के मंगते हैं, जो किसी का प्यार भी उधार नहीं रखते। जरा से स्नेह का जो सिला इनसे मिलता है उसको कह पाना भी मेरे जैसी के बस की बात नहीं। पता है पिछले दिनों क्या हुआ- दिन ढले की बात है 'वे' आंगन में बैठे खाना खा रहे थे और मैं रसोई में रोटी बना रही थी। तभी सलौनी उस कमरे की ओर देख-देख कर जोर-जोर से भौंकने लगी।" रमा ने भैंस के साथ वाले कमरे की ओर इशारा किया जिसका उपयोग वे स्टोर की भांति करते हैं। "मैंने इसे चुप होने को कहा, मगर यह चुप नहीं हुई। इसे लगातार भौंकते देख मैंने इन्हें कहा कि 'देखियो, सलौनी उधर भैंस के साथ वाले कमरे की तरफ देख-देख कर क्यूं एक सांस भौंके जा रही है।" ये चिन्तित हो बोले- "जरूर कोई कीड़ा-कांटा होगा, वरना ये इस तरह...." और इन्होंने रोटी बीच में ही छोड़कर लाठी उठाकर वहां रखा सामान टटोला तो पता है वहां क्या मिला...?"

"क्या... ?" माँ उसे हैरानी से ताकने लगी। "वहाँ रखे उसे गत्ते के बड़े डिब्बे में चार हाथ लम्बी नागिन बैठी थी। कोई भी दुर्घटना घट सकती थी माँ। जंगल के जीव जंगल में तो स्वछंद घूम सकते हैं। घर में तो बच्चे, हम दोनों, भैंस, गाय या कोई आया-गया, किसी के भी साथ...।" कहते-कहते रमा सिहर गयी थी।

"...इन्होंने सरगोशी की 'देख ये बैठी।' मैंने दौड़कर पास-पड़ोस से लोगों को बुलाया। तब कहीं जाकर उसका अन्त हुआ। सलौनी न होती तो हमें क्या पता चलता कि हमारे घर में हमारी मौत छुपी है।" कहते हुए रमा ने पास बैठी सलौनी का चेहरा प्यार से हाथों में लेकर अपने चेहरे से सटा लिया। जैसे बहुत प्यार आने पर माँ अपनी संतान के लाड लड़ाती है। सलौनी भी इस इत्मिनान से पूंछ हिला रही थी, जैसे बौराया बच्चा मां की गोद में पसरकर पैर हिलाता है।

"हमारी सलौनी के होते हिम्मत नहीं कि घर में परिंदा भी पर मार जाये। दूर गली में आ रहे अजनबी को देखते ही इसके कान खड़े हो जाते हैं।" रमा ने कहा तो मां ने भी सहमति में गर्दन हिलायी। अब उनका हाथ भी सलौनी के बदन को सहला रहा था। सलौनी रमा की गोद से हटकर मां के पांव में लौट गयी। जैसे मां को अभिवादन करते हुए उनका आशीर्वाद ग्रहण करना चाहती हो। सलौनी की इस हरकत से वे भी भावविभोर हो उठी। रमा को याद आया जब काका (ससुर) का देहान्त हुआ तो सलौनी शवयात्रा में इन्सानों की तरह ही शामिल हुई, शमशान तक साथ गयी। दाह संस्कार के बाद जब सब घर लौट आये ये वहीं रुकी रही और सांझ ढले तभी घर लौटी, जब चिता की अग्नि बिल्कुल राख में बदल चुकी थी। पूरा दिन ये बेचारी भी हम लोगों के साथ-साथ बिना अन्न जल ग्रहण किये रही, अन्यथा जानवर तो कहीं भी जाकर मुंह मार आये।

अभी पिछले महीने की तो बात है, भाई की बीमारी पर उसे एक सप्ताह के लिये पीहर रुकना पड़ा। वापस आयी तो सलौनी उसकी आहट पाकर गेट पर ही पहुंच गयी और उसके सामान रखने से पहले ही पिछले पैरों पर खड़ी होकर अगले दोनों पैर उसकी छाती पर रखकर ऐसे मिली जैसे बहुत दिनों से बिछुड़ी बेटी मां से गले मिलने को तड़प रही हो।

ऐसे अवसर पर उसे लगता है 'काश। सलौनी भी अपने दिल की बात कह पाती।' यह तो रोज का ही नियम है कि वह जब भी घर से बाहर जाती है सलौनी साथ जाती है। आसपास जाना हो तो ठीक है, खेतों में जाती है तो पीछे-पीछे चली आ रही सलौनी को कहना पड़ता है- "सलौनी, तू घर जा मैं खेत पर जा रही हूँ।" सुनते ही सलौनी आज्ञाकारी बच्चे की भांति घर लौट आती है।

रमा ने सलौनी की ओर करवट ली तो सलौनी ने झट से सिर उठाकर देखा। जाहिर है सलौनी जाग रही थी। रमा जानती है आज सलौनी रात भर सोयेगी नहीं।

वह हाथ बढ़ाकर सलौनी को दुलारने लगी तो सलौनी ने भी 'कूं, कूं' कर उसके स्नेह को अत्यन्त प्रेमभाव से स्वीकार किया।

'तुम्हारी वफादारी, चौकसी और प्यार का प्रतिदान हमसे कहां सम्भव है सलौनी?'

यही सोचते हुए रमा को नींद आ गयी। मगर सलौनी को आज की रात नींद कहां, वह बिल्कुल नहीं सोयेगी, मालिक और उसके युवा बेटों की अनुपस्थिति में उसकी मालकिन निश्चिन्त होकर सो सके, इसीलिए।

*"हमारी सलौनी के होते हिम्मत नहीं कि घर में परिंदा भी पर मार जाये। दूर गली में आ रहे अजनबी को देखते ही इसके कान खड़े हो जाते हैं।" रमा ने कहा तो मां ने भी सहमति में गर्दन हिलायी। अब उनका हाथ भी सलौनी के बदन को सहला रहा था। सलौनी रमा की गोद से हटकर मां के पांव में लौट गयी। जैसे मां को अभिवादन करते हुए उनका आशीर्वाद ग्रहण करना चाहती हो।*

लघुकथा

**डा. रमाकांता**

# इंसाफ



रलदू, ओ रलदू, बाहर निकल। दरवाजे से किसी दबंग ने रलदू को ललकारा।

रलदू जान गया कि चौधरी ने जगह खाली करवाने के लिए अपना गुर्गा भेजा है। वह डरता-डरता बाहर आया और उस व्यक्ति को पहचान कर बोला- 'मालिक, बस दो दिन की मोहलत दे दो। कल मेरी बेटी की शादी है। रिश्तेदार परसों चले जाएंगे, मैं जगह खाली कर दूंगा।'

'कान खोल कर सुन ले, परसों फिर आऊंगा। जगह खाली ना मिली तो यहीं तेरे परिवार की कब्र खोद दूंगा समझ गया!' वह धमकी देकर तमतमाता हुआ वहां से चला गया।

दिन छिपते ही बस्ती में अजीब सा शोर सुनाई देने लगा। रलदू का बेटा रशीद घर से बाहर गया और थोड़ी ही देर में तेज़ कदमों से घर में आकर कुछ चिल्लाते हुए उसने अपने अब्बा को आवाज दी- 'अब्बू कहाँ हो? खेल खत्म अब्बू।'

अब्बू ने घबरा कर दबी जुबान से पूछा- 'क्या हुआ?'

'अब्बू मालिक खल्लास,' रशीद ने हाथ के इशारे से समझाया ।

'कैसे, और कब'? रलदू ने जिज्ञासावश पूछा।'

नामुराद को दिल का ऐसा दौरा पड़ा जमीन पर पड़ते ही चल बसा' -रशीद ने बताया।

रलदू की आंखों में आंसू आ गए। थोड़ी देर रुक कर बोला-'सुबह हमारी कब्र खुदवा रहा था। मालिक को क्या पता था कि रात होते-होते उस की ही कब्र के खोदने की तैयारी हो जाएगी।' कुछ सोच कर बोला 'बेटा उसके घर देर है पर अंधेर नहीं है।' रलदू ने ठंडी आह भरते हुए कहा ।

'अब्बू अल्लाह इंसाफ करता है। मालिक को गरीबों की बद्दुआ लगी है।' रशीद ने आकाश की ओर हाथ फैला कर कहा। बाप-बेटे के मुख पर संतोष का भाव झलक रहा था।

---

कविता

**राजश्री**



## नफ़रतों की आग में

नफ़रतों की आग में ये बस्तियाँ जल जाएंगी।
फ़ूल, भौंरे, शाख़, पौधे, तितलियाँ जल जाएंगी।

मज़हबी ये आंधियाँ यूं ही अगर चलती रहीं,
दब गईं जो राख़ में चिंगारियाँ जल जाएंगी।

कुर्सी की खातिर लगा कर आग जो हैं सेकते,
उनके हाथों की भी तो सब उंगलियाँ जल जाएंगी।

जो मुहब्बत के दरीचे खुलते दिल के दरमियां,
आपसी उस प्यार की सब खिड़कियाँ जल जाएंगी।

क्यूं बढ़ाते नाम पर मज़हब के ये रुसवाइयाँ ,
आदमी रह जाएगा परछाइयाँ जल जाएंगी।

क़त्ल करके अम्न का यूं एक दिन पछताओगे,
चाहतें मिट जाएंगी नजदीकियाँ जल जाएंगी।

फिर मुहब्बत के चरागों को यहां रौशन करो,
जो दिलों में बढ़ गईं वो तल्खियां जल जाएंगी।

कविता

**कवि पंडित वीरेंद्र मधुर**



## नई पहल

तारे निकल रहे थे,
सपने उछल रहे थे।

धन की आग एसी,
पत्थर पिघल रहे थे।

आंदोलन में बैठे बैठे,
उनको भी खल रहे थे।

बीमारियों का नाटक,
वे मुखौटे बदल रहे थे।

झूठे फसल के दाने,
हथेली मसल रहे थे।

मधुर सोने वाले सिक्के,
तिजोरी में पल रहे थे।।

कविता

**पं. कमल कांत भारद्वाज**



## मधुमास आ गया

सरसों के पीले फूल,
खेतों में दिखाई देते हैं।
लगता है मधुमास आ गया
राग-ए-वसंत सुनाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

ये मौसम हैं हरियाली का,
उमंग और श्रृंगार का,
प्रकृति अपने यौवन के साथ है,
सब संगीतमय होते दिखाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

सरसों, राई और गेहूं के खेत
मन को लुभाने लगते हैं
देखकर फसलों को किसान
गद-गद होते दिखाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

जाती हुई सर्दियाँ, बड़े होते दिन
गुन गुनी धूप तेज होती है
अम्बर में उड़ते हुए
पीले पतंग दिखाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

देखकर खो जाते हैं
कुदरत के शबाब में सब
मुझे चारों ओर
गुल चाँदनी के फूल दिखाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

सुहाना मौसम, मंद सुरभित हवा
कोयल की कुक सुनाई देती है
मत वाला माहौल, मोहनी खूशबू
फाल्गुन के मदमस्त गीत सुनाई देते हैं।
सरसों के पीले फूल...

---

**आज के आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति पर डा. कंवल नयन कपूर का कहना है कि आज की युवा पीढ़ी के साहित्य और संस्कृति के प्रति कम होती रुचि सामाजिक दृष्टि से चिंताजनक है, जिसका समाज पर प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए युवा पीढ़ी को साहित्य और संस्कृति से जोड़े रखने के लिए साहित्यकारों को अपनी संस्कृति और सभ्यता को सर्वोपरि रखते हुए अपनी कलम चलाना आवश्यक है।**

साक्षात्कार

**ओ.पी. पाल**

# साहित्य और संस्कृति से मिलती है समाज को नई दिशा: डा. कंवल नयन

साहित्य और संस्कृति में सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर बेबाक लेखन करने के मकसद से साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में साधना करके समाज में व्याप्त विसंगतियों को पाटने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में शुमार वरिष्ठ साहित्यकार डा. कंवल नयन कपूर अपने रचना संसार में साहित्य के साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अपनी लेखनी चलाते आ रहे हैं। उन्होंने साहित्यिक कृति के शोध से ही पीएचडी की उपाधि हासिल की। अपने साहित्यिक और सांस्कृति क्षेत्र के सफर को लेकर वरिष्ठ साहित्यकार डा. कंवल नयन कपूर ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में ऐसे अनछुए पहलुओं का जिक्र किया है, जिसमें समाज साहित्य और संस्कृति से समाज को नई दिशा देना संभव है। साहित्यकार डा. कंवल नयन कपूर का जन्म 9 अगस्त 1944 को रावल पिंडी (पश्चिमी पाकिस्तान) के गांव जंड में नाथूराम व मीराबाई के घर में हुआ। भारत विभाजन के दौरान हिंसाओं की त्रासदी की कहानियों की गूंज में उनका बचपन बीता और अमृतसर, लुधियाना, कुरुक्षेत्र के विस्थापित कैम्पों ने उनके शिशु-मन को ऐसे छुआ कि अन्तर्मुखता, अकेलापन और एकान्त से स्थायी मित्रता हो गई। इसके बाद उनका पूरा परिवार 1949 में दिल्ली स्थानांतरित हो गया था, जहां उनके परिवार को स्थायी निवास मिला। दिल्ली में उन्होंने आई.ए.आर.आई. पूसा के सरकारी स्कूल से हायर सैकेण्डरी तक की शिक्षा ग्रहण की, गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज देवनगर और इवनिंग इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडिज, दिल्ली विश्व विद्यालय से हिन्दी में एम.ए. की शिक्षा ग्रहण की, लेकिन परिवार में आर्थिक अभाव निरंतर चलती रही। उन्होंने आगे की शिक्षा छोड़ यमुनानगर (हरियाणा) के एम.एल.एन. महाविद्यालय में प्राध्यापन कार्य आरंभ किया। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 'नई कहानी' विषय में शोध स्वरूप पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की। अगस्त 2004 में इसी महाविद्यालय से विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति हुई। परिवारिक और शैक्षणिक संस्थाओं के माहौल ने उनमें साहित्यिक संस्कारों का बीजारोपण किया। जबकि घर में माता भगवान कृष्ण की भक्त होने के कारण भजन और गीत गुनगुनाती रहती थी, तो वहीं उनके बड़े भाई उन दिनों भजन और देवी की भेंटे लिखकर गाते थे। मसलन साहित्यिक रुझान उनका अपने घर परिवार से ही हुआ और वह भी बचपन से ही तुकबंदी करने लगे थे। उनका साहित्य एवं चित्र कला के प्रति शुरू से ही विशेष झुकाव रहा है। इसी कारण वह स्कूल-कॉलेज में मंचित कार्यक्रमों में गायन, नाटक आदि में निरन्तर प्रतिभागिता करते रहे। इनकी कविताएं-लेख आदि स्कूल कॉलेज पत्रिकाओं के अलावा बड़ी पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएं छपती रही। बकौल डा. कमल नयन, वह अपने आप को कवि और नाटककार मानते हैं, यद्यपि मूर्तिकला, स्थापत्य कला, पेंटिंग व क्ले माडलिंग, इंटीरियर डेकोरेशन जैसी विधाओं में भी उन्होंने काम किया है। सन् 1965 से 1967 तक संचेतन कहानी की ध्वज वाहक पत्रिका 'संचेतना' से सहायक सम्पादक के रूप में काम किया और दिल्ली से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'जाह्नवी' में उनका किशोर उपन्यास 'भारत सम्राट' धारावाहिक रूप से प्रकाशित हुआ। 1976 में पहला कविता संग्रह और 1978 में पहला 'लघु नाटक' संग्रह प्रकाशित हुआ। खासबात है कि इसी दौरान नाट्य मंचन, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, स्थापत्य कला आदि में भी उन्होंने बहुत काम किया गया, जिसमें मंच संचालन, संगीत आदि में उनकी विशेष रुचि रही। नाटक, कहानी, कविता, समीक्षा, निबन्ध लेखन में निरन्तर प्रवृत रहे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लिखित छोटे-बड़े नाटकों के चार सौ से अधिक मंचन हो चुके हैं, जिनमें पंजाबी, उर्दू आदि का अनुवादित रूप भी शामिल है। उनकी लम्बी कविता 'शिशु होकर' एवं 'धन्यवाद कान्हा' का मंचन साहित्य-जगत में विशेष चर्चित विषय रहा है। उनका कहना है कि यह सत्य है कि हर रचनाकार अपने रचनाकर्म में आजीवन संलग्न रहते हुए भी अपनी श्रेष्ठ रचना की प्रतीक्षा में ही प्रस्थान पा जाता है। लेकिन इस सोशल मीडिया और इंटरनेट के युग में बढ़ते बाजारीकरण ने हर क्षेत्र को प्रभावित किया है।

### प्रकाशित पुस्तकें

डा. कंवल नयन कपूर की प्रकाशित पुस्तकों में प्रमुख रुप से नाटकः यात्रा और यात्रा, कथा लंका दहन की, कथा लंका दहन की, जल घर, रक्त जीवी, आओ मेरे साथ,पंछी तीर्थम, शव पूजा, प्रकृति पर्व और छाया पुरुष जैसी कृतियां सुर्खियों में हैं। जबकि उपन्यासः भारत सम्राट, ठहरी हुई नदी, कविता संग्रहः बौणियां किरणां और उदास गुलमोहर, एक समन्दर मेरे अन्दर, किस्सा कमली दा,मूर्ख होने का सुख, शब्दों के पार, अजब कालखंड, संपत्ति और गीत-अगीत प्रकाशित हुई है।



डा. कंवल नयन कपूर

### पुरस्कार व सम्मान

डा. कंवल नयन कपूर को उनकी कृति 'जल घर' के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी का सम्मान भी मिला है। वहीं उन्हें राष्ट्रीय हिंदी सेवी सहस्त्राब्दी सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं साल 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भी सम्मान से अलंकृत किया। हरियाणा के भाषा विभाग, हिंदी साहित्य सम्मेलन, इंडियन ऑर्टस चंडीगढ़ तथा अनेक साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से अनेक सम्मान व पुरस्कार मिले हैं।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : डा. कंवल नयन कपूर
**जन्मतिथि** : 9 अगस्त 1944
**जन्म स्थान** : रावलपिंडी (पश्चिम पाकिस्तान)
**शिक्षा** : बी.ए (ऑनर्स व संस्कृत), एमए(हिन्दी), पीएच.डी.
**संप्रति** : सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, एमएलएन महाविद्यालय यमुनानगर, लेखक, साहित्यकार

---

# नेतृत्व कुशलता दिखाती 'महिला ग्राम पंचायत'






**पुस्तक** : महिला ग्राम पंचायत
**लेखक** : मधुकांत
**मूल्य** : 40 रुपये
**प्रकाशक** : नेशनल बुक ट्रस्ट

पुस्तक समीक्षा

**शशि कांत चौहान**

महिला ग्राम पंचायत मधुकांत का महिला केंद्रित नाटक है। इस नाटक के माध्यम से लेखक ने यह दिखाया है कि महिलाएं भी सही विजन, नीतियो और योजनाओं के जरिये गाँव के विकास के साथ साथ समान में सुरक्षित माहौल बना सकती है। गाँव की सत्ता संभालने के पहले दिन ही क्या-क्या सुविधाएं दी जानी हैं और उसके लिए क्या कदम उठाए जाने है, इस तैयारी के साथ महिला सरपंच आती है और सब सदस्यों को अवगत कराने के साथ जिम्मेदारी भी लगाती है। अपने फैसले सुनाने के बाद वह दूसरे सदस्यों से सुझाव मांगती है यह उसकी नेतृत्व कुशलता को दिखाता है। महिला सरंपच और पंचों के कार्य संभालने के साथ ही गाँव के विकास के लिए मिलने वाली और में भ्रष्टाचार और महिला सदस्यों के पतियों द्वारा कार्य किए जाने के कारण जो उनकी निष्क्रियता थी उसे भी खत्म करने का बीड़ा महिला पंचायत ने उठाया और उसे अंजाम तक पहुंचाया। इसके साथ ही समाज का सबसे ज्वलंत मुद्दा महिलाओं के प्रति अपराध का है। गांव के बलात्कार जैसे मामलों को भाईचारे की दुहाई देकर दबा दिया जाता है वहीं सरपंच कहती है चाहे मेरा कोई मेरा सगा हो कड़ी सजा दो यह इस बात का प्रतीक है कि वह न्याय और समाज में शांति की कितनी बडी पक्षधर है। महिला सरपंच गांव के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवद्ध दिखाई देती है। तभी तो वह गांव में वह शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ साथ ग्रामीणों को रक्तदान, आधुनिक खेती बेटियों की शिक्षा के तमाम प्रबंधों के अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास करती नजर आती है। एक तरह से वह अपने प्रयासों में सफल हो जाती है। गाँव के विकास के लिए अच्छे बजट का प्रावधान करवाली है और जो पहली पंचायत की पहली बैठक में लिए गए फैसलों पर मंत्री जी एक दिन गांव में आकर पूरा करने की मुहर लगाते हैं। इसके साथ हो एक लेखक एक बड़ा उदाहरण भी पेश करता है। जिस तरह पुरुष महिलाओं का दमन करते आएं हैं और उनको उनके राजनीतिक अधिकारों का प्रयोग कसे में बाधा बनते रहे हैं जब एक पंच कहती है कि अब हम उन पर राज करेंगे तो सरपंच का यह कहना कि नहीं औरत और मर्द एक गाड़ी के दो पहिये हैं तो यह उसकी विवेकशीलता को और दिखाता है कि उसके मन में पुरुषों की प्रति कुठा नहीं है। वह सबको साथ लेकर चलने का संदेश देती है। कुलमिलाकर लेखक अपने प्रयास और अपना संदेश समाज तक पहुंचाने में सफल रहता है।

**खबर संक्षेप**

## रेवाड़ी व दिल्ली के लिए और ट्रेने चलाने की मांग

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर के दैनिक यात्री संघ, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद सहित कई संगठनों ने उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों से रेवाड़ी व दिल्ली के लिए और ट्रेन चलाने की मांग की है। संगठनों का कहना है कि सुबह 8:00 बजे के बाद रेवाड़ी व दिल्ली के लिए शाम 3:30 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है तथा शाम 3:30 बजे आदमपुर रेलवे स्टेशन पर फाजिल्का रेवाडी ट्रेन पहुंचती है लेकिन उसे भी हिसार में 1 घंटे रोक लिया जाता है,जिससे दिल्ली-रेवाड़ी-रोहतक हांसी जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी होती है तथा वे समय पर गंतव्य स्थान नहीं पहुंच पाते हैं। मजबूरन उन्हें बसों में यात्रा करनी पड़ती है जिससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ परेशानी भी उठानी पड़ती है।

## बीड़ बबरान धाम का नरेश प्रकटोत्सव आज से

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम के 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 3 से 9 मार्च तक चलने वाले प्रकटोत्सव में हर रोज कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। खास बात है कि उत्सव के अंतिम दिन श्याम बाबा को 351 फुट लंबा निशान अर्पित किया जाएगा। 9 मार्च को हिसार के अग्रसेन भवन से प्रातः 8.15 बजे भव्य निशान यात्रा शुरू होगी।

### यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त

# अपराधों पर लगाम लगाने के साथ आपात स्थिति में चालकों की करें मदद: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

यातायात व्यवस्था को लेकर डबवाली पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए शहर में नया ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर यातायात थाना पुलिस ने बीती रात को चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई करते हुए फाइन वसूला. यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत शहर में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस मोटरसाइकिल से चलने वाले चालक तथा चार चक्का वाहन में बिना सीट बेल्ट लगाये चालकों के ऊपर कार्रवाई की गयी। साथ ही जो लोग बाइक लेकर घर से निकले थे और वे हेलमेट गाड़ी के कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस साथ नहीं थे।


सिरसा। वाहनों की चेकिंग करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

उस पर कार्रवाई करते हुए ऐसे चालकों से जुर्माना वसूला गया। साथ ही ऐसे चालकों को जुर्माना वसूलने के बाद सख्त हिदायत दी गयी कि यदि आगे नियमों का पालन नहीं करेंगे तो भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सरकार के गाइडलाइन के बावजूद भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं। बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और गाड़ी के कागजात के यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों पर ऐसे ही कार्रवाई होगी। दूसरी तरफ अब ऑनलाइन फाइन होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के जेब में यदि फाइन भरने के लिए पैसे नहीं हुए तो इससे कोई फर्क नहीं पडने वाला है, क्योंकि ऑनलाइन जुर्माना से गाड़ी के ओनर गाड़ी पर जुर्माना लग जाता है जिसे किसी भी हाल में भरना होता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का पालन बेहद ही अनिवार्य है। इससे सडक़ दुर्घटना में आप अपने आप व दूसरों का बचाव कर सकते हैं। इसका मकसद, कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और सडक़ दुर्घटनाओं को रोकना है। रात में वाहन चेकिंग अभियान से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। रात में पुलिस की मौजूदगी से आम लोगों को सुरक्षा का एहसास होगा और वे अपने सफर को सुगम व सुरक्षित तरीके से पूरा कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि पुलिस का काम अपराधों को रोकना ही नहीं अपितु आपात स्थितियों में आम नागरिकों की मदद करना, भारी वाहनों को सडक़ से दूर साइड में करवाना व वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाना ताकि रात में वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। डबवाली पुलिस द्वारा रात के समय में वाहन का तेल खत्म होने, या कोई दुर्घटना होने पर हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## नकली ट्रैफिक ई-चालान के जरिये साइबर ठग लगा रहे चपत

**डबवाली।** पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धान्त जैन ने कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी ट्रैफिक पुलिस ई-चालान के माध्यम से चूना लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा ई- चालान की नकली वेबसाइट बनाकर लोगों के पास लिंक भेज रहे हैं, इसलिए ऐसे लिंक से सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि गलती से आप ने चालन भरने के लिए नकली वेबसाइट पर क्लिक कर दिया तो आप ट्रैफिक ई-चालान को निपटाने के बजाय साइबर अपराधियों को भुगतान कर देते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्ति धोखाधड़ी वाले लिंक या संदेश को कुछ इस तरह लिखा होता है, जैसे आपका चालान नंबर... वाहन संख्या के लिए है.. जिसकी चालान राशि 500 रुपये है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर दे सकते हैं।


हिसार। कौशिक नगर स्थित ध्यान केंद्र में साधना करते साधक। फोटो : हरिभूमि

## ध्यान की गहराइयों का मार्ग विपश्यना ध्यान : आचार्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

समर्थगुरु सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में समर्थगुरू संघ हिसार ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज के संडे ध्यान में आचार्या मां उषा ने विपश्यना ध्यान करवाया। विपश्यना ध्यान ने मानव जीवन को सच्चे सुख और शांति की ओर प्रवृत्ति किया है, जिसका अर्थ है 'खुद को देखना'। विपश्यना ध्यान का मुख्य उद्देश्य आत्मा के अंदर की गहराइयों में जाकर सत्यता की प्राप्ति करना है। इस ध्यान पद्धति के माध्यम से, व्यक्ति अपने चित्त को शांत, स्थिर और एकाग्रचित्त में लेकर जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करता है। विपश्यना ध्यान का अभ्यास करने के लिए व्यक्ति को एक सुखद और शांतिपूर्ण स्थान चुनना चाहिए जहां वह बिना किसी अफरा-तफरा के आत्मा की खोज में रत रह सके। यह ध्यान आत्मा के अंदर की गहराइयों में जाने का माध्यम होता है जिससे व्यक्ति अपने स्वार्थ, अवस्था और जीवन के मूल्यों को समझ सकता है। विपश्यना ध्यान का अभ्यास करने से व्यक्ति को मानव जीवन के विभिन्न पहलूओं को देखने की क्षमता मिलती है। ध्यान के बाद समर्थगुरू संघ हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन में ध्यान के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए समर्थगुरू संघ के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

## 'मुझे खाटू में बुला ले बाबा श्याम आयो मेलो फागण को' पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**मंडी आदमपुर।** राज सिनेमा मार्केट में शनिवार की रात्रि श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा बाबा श्याम का विशाल महोत्सव जागरण का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ 21 समाजसेवियो ने संयुक्त रूप से श्याम वंदना के साथ किया। इस मौके पर जयपुर से आए मुकेश बागड़ा एवं अभिषेक नामा तथा हनुमानगढ़ से आए देव चुघ ने शानदार शब्दों में बाबा श्याम का गुणगान करके सबको झूमने नाचने को मजबूर कर दिया। मुकेश बागड़ा ने मुझे खाटू में बुला ले बाबा श्याम आओ मेलो फागण को। हमें तो खाटू जाना है बुलावा आये या ना आए, बाबा तेरे द्वार आए हैं आश लेकर आए हैं।

## गोमाता की सेवा से ही मिलेगा सतयुग का सुख : संत बलदेवा नंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

संत बलदेवा नंद शास्त्री ने कहा कि इस कलयुग में गोमाता की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। लोग कहते हैं कि कलयुग चल रहा है, लेकिन जब तक गोमाता भूखी और दुखी गलियों में भटकती रहेगी, तब तक सतयुग नहीं आएगा। संसार की माता दुखी है, इसलिए यह काल ही बना रहेगा। संत बलदेवा नंद शास्त्री रविवार को गांव धांसू की राधा कृष्ण गोशाला में गऊकथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि गोमाता की सेवा जितनी की जाए, उतनी कम है। लोग करोड़ों कमाते हैं, अपनी पीढ़ियों और बच्चों के लिए धन जोड़ते हैं, लेकिन सब कुछ यहीं छोड़कर जाना है। उन्होंने कहा कि अपनी कमाई का कुछ हिस्सा गोसेवा में जरूर लगाना चाहिए। गोमाता की सेवा का पुण्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। करोड़ों देवी-देवता गोमाता में वास करते हैं। संत ने कहा कि श्रद्धा के बिना कुछ भी संभव नहीं है।


हिसार। गांव धांसू की राधा कृष्ण गोशाला में गोकथा सुनाते संत बलदेवा नंद शास्त्री।

अगर हम कथा सुनने के लिए पंडाल में बैठे हैं, तो यह हमारी श्रद्धा का ही भाव है। साध्वी सारिका ने मधुर भजन सुनाकर भक्तों का मनमोह लिया। इस अवसर पर जगदीश पूनिया, मानसिंह ठाकर, अनूप पूनिया, आत्माराम बिश्नोई, उग्रसेन डारा, माईलाल हरडु, सतबीर राड़, सुरेंद्र ढाका, हरिसिंह पूनिया, मनोहर भाखर, विष्णु फौजी, अभिलाष जाणी, सुनील सिहाग, सुरेंद्र राड़, कुलदीप मोगा, कृष्ण बिड़ासर, राधेश्याम सिहाग, करतार बौला,रामभगत भादू, रामकुमार भादू सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।


हिसार। बार प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा को सम्मानित करते बूरा खाप के पदाधिकारी।

## हिसार बार प्रधान को मिला बूरा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रविवार को जींद जिले के हाट गांव में आयोजित सर्व बूरा सिरोही खाप के 12वें स्थापना दिवस समारोह में हिसार जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा को बूरा रत्न सम्मान से नवाजा गया है। स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय कर्मभूमि ऐतिहासिक हिसार बार एसोसिएशन के शुक्रवार को संपन्न हुए चुनाव में पूर्व सचिव संदीप बूरा ने तीन बार प्रधान रह चुके सुरेंद्र ढुल को 130 मतों से शिकस्त दी थी। शुक्रवार को हुए मतदान में कुल 1925 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। प्रधान पद पर आठ प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से संदीप बूरा को 626 और सुरेंद्र सिंह ढुल को 492 वोट मिले थे। प्रधान, उपप्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष पद चुने गए नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार दोपहर को बार के हॉल में होगा।

## अंतरजातीय विवाह का काजला खाप ने किया समर्थन

- राष्ट्रीय सम्मेलन में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राष्ट्रीय काजला खाप जात पात के कलंक को मिटाने के लिए अंतरजातीय विवाह का समर्थन किया है। इसके साथ ही खाप ने समगोत्र, समगांव व गोहांड में विवाह का जोरदार विरोध करते हुए सरकार से हिंदू मैरिज एक्ट 1955 में संशोधन करके ऐसी शादियों को प्रतिबंधित करने की मांग की है। खाप का कहना है कि यह मांग रूढ़िवादी न होकर वैज्ञानिक आधार पर नस्ल सुधारने के लिए व समाज में सौहार्द बढ़ाने के लिए है।

यह निर्णय रविवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित खाप 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन रामपाल काजला ने की। सम्मेलन में खाप के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मवीर काजला ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। मंच संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता महेंद्र सिंह काजला ने किया। सम्मेलन का आयोजन खाप के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजबीर काजला की देखरेख में किया गया।



हिसार। काजला खाप के राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सम्मेलन में नशाखोरी, दहेज, महिला उत्पीड़न व हर्ष फायरिंग जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से विवाह दिन में करने, बारात छोटी रखने व जन्मदिवस जैसे अन्य दिवस सादगी से मनाने तथा बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देने के निर्णय भी लिए गए। सम्मेलन में खाप का चबूतरा व भवन निर्माण के लिए उचित स्थान व भूमि की तलाश के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय संरक्षक को अधिकृत किया गया।

सम्मेलन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयपाल, प्रवक्ता महेंद्र सिंह, मान सिंह काजला, मांगेराम काजला, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष प्रमेंद्र, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण काजला, यूपी के श्यामवीर काजला, हरियाणा के राजबीर काजला, रतन सिंह काजला, सतपाल काजला, सतविंदर सिंह, कमल काजल सरपंच व जगतार सिंह चार प्रदेशों के सैकड़ों काजला बंधु मौजूद रहे।

## हमारा प्यार-हिसार' की पहल 'पहले सफाई अभियान- फिर मतदान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

'हमारा प्यार-हिसार' ने रविवार को लोकतंत्र के पर्व की शुरुआत आज अपने नियमित पेंटिग अभियान के साथ की। सदस्यों ने एक बार फिर पीएलए की लंबी दीवार पर सुंदर कलाकृतियां बनाने का कार्य जारी रखा। कुछ कलाकार साथियों ने पक्षियों, तितलियों और फूलों की सुंदर ड्राइंग बनाई तो कुछ ने उनमें रंग भरने का कार्य किया। अभियान के बाद सभी सदस्यों ने मतदान करने का संकल्प भी लिया। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. राज सोनी, मंजू पूनिया, कमल भाटिया, स्नेह धवन, जितेंद्र बंसल, सचिन, सुहासिनी, विजय कादियान, युद्धवीर पानू, दीप्ति कादियान, दिनेश बंसल, संजय मारवाड़ी, बंटी, साहिल गिरधर, पराग बंसल, सुरेंद्र पानू, राजन वर्मा, ईशा बिष्ट, एकता, रावि अग्रवाल, दीक्षा, सपना, मन्नत सैनी, यजत, वेदांकुर, इप्सिता, रिमछा, नील, नायरा व पार्थ शामिल हुए।


हिसार। पेंटिंग अभियान में लगे संस्था के कार्यकर्ता।

## कुभा नागरिक मंच ने मुफ्त मेडिकल जांच शिविर लगाया

**हिसार।** कुंभा नागरिक मंच द्वारा हर साल की तरह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव कुंभा तहसील हांसी के प्रांगण में मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

यह जानकारी देते हुए बलवान सिंह दलाल ने बताया कि इस कैंप में विशेष रूप से अमेरिका से आए डॉ. कर्मवीर दलाल और डॉ. धर्मपाल मान ने मरीजों का चेकअप किया और दवाइयां दी। इसके अलावा कैंप में विभिन्न रोगों के सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरो ने मरीजों की जांच की। कैंप में 475 मरीजों ने अपनी जांच करवाकर मुफ्त में दवाई ली। इस अवसर पर राजकुमार जांगड़ा, सरपंच योगेश दलाल, राजबीर दलाल, कपूर सिंह, साहिल दलाल, मोहित दलाल, विनोद दलाल, राहुल दलाल, मदन यादव, अक्षय दलाल, मोहित ग्रेवाल और अमरजीत दलाल जतिन, यश दलाल, मनीष चौहान और मनजीत आदि मौजूद रहे।


हिसार। कैंप में जांच करती चिकित्सक।

## महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं : मौसमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कर्म कल्याणी संगठन की ओर से मॉडल टाउन स्थित गुरु नानक देव स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कर्म कल्याणी संगठन के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

प्रधान मौसमी कर ने रविवार को बताया कि महिलाएं हर क्षेत्र में अब पुरुषों से कम नहीं है और सभी महिलाओं को अपने अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। कोमल राठौर और सीमा भुटानी ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और सभी को महिला दिवस पर बधाई दी।


हिसार। अतिथियों को सम्मानित करते कर्म कल्याणी संगठन की सदस्याएं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहित कुमार जैन (फाउंडर कॉल कप खजाना), संजीत सिंह प्रिंसिपल ने शिरकत की। अनीशा सहगल, सीमा मुंजाल, आरती अरोड़ा, रितु रानी, संतोष रानी, रोशनी खरब, गीता चौधरी, रोहतास कुमार आदि सदस्यों को कर्म कल्याणी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया।


हांसी। कृषि विस्तार कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम राजेश खोथ का स्वागत करते बैंक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने किया कृषि विस्तार कार्यक्रम का उद्घाटन

**हांसी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से कृषि विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं छोटे उद्यमियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी देकर इनका लाभ प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों और छोटे उद्यमियों के लिए नई दिशा प्रदान करेगा, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी उन्नति एवं उत्पादकता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के आधुनिक कृषि उपकरण एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

### तकनीकी शिक्षा निदेशालय के महानिदेशक ने की गुजवि के आधारभूत ढांचे की सराहना

# गुजवि देश में तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में एक: प्रभजोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तकनीकी शिक्षा निदेशालय हरियाणा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कहा है कि हिसार का गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देश में सबसे तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में एक है। विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाएं तथा अंतराष्ट्रीय स्तर की है।

प्रभजोत सिंह ने हाल ही में विश्वविद्यालय के दौरे के दौरान डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सीआईएल लैब का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई भी रहे। प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बताया कि प्रभजोत सिंह एक अत्यंत सरल स्वभाव और धरती से जुड़े अधिकारी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रति अत्यंत सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाया। प्रभजोत सिंह ने सीआईएल लैब के एक-एक उपकरण को बेहद बारीकी से देखा और उपकरणों की एप्लीकेशन और महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विकास में इस प्रकार की प्रयोगशालाओं का अहम योगदान हो सकता है।


हिसार। सीआईएल लैब का दौरा करते तकनीकी शिक्षा निदेशालय हरियाणा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, साथ हैं कुलपति प्रो. नरसी राम और अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने प्रभजोत सिंह को बताया कि विश्वविद्यालय की इस लैब से न केवल हरियाणा बल्कि अन्य प्रदेशों के संस्थान भी फायदा उठा रहे हैं। प्रभजोत सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। प्रभजोत सिंह ने कुलपति को आश्वासन दिया की राज्य सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को हर संभव सहायता व मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव डा. विजय कुमार, सीआईएल के निदेशक प्रो. मनीष आहुजा तथा कुलपति के सलाहकार प्रो. विनोद छोकर भी उपस्थित रहे।

## रोड सेफ्टी जागरुकता रैली आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि 10 मार्च को विवि का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसी के मद्देनजर यूथ रेडक्रॉस इकाई की ओर से रोड सेफ्टी जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। विवि के यूथ रेडक्रॉस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई सोमवार 3 मार्च को सुबह 9:30 बजे जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**बेदखली सूचना**

मैं सतपाल पुत्र बल्ला राम निवासी हांसपुर, तहसील रतिया, जिला तेहाबाद ब्यान करता हूं कि मेरे तीन लड़के हैं संदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, व गुरमीत सिंह। मेरा ल का गुरमीत सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### लोन दिलाने के नाम पर आंगनबाड़ी वर्कर से ठगी

**फतेहाबाद।** लोन दिलवाने के नाम पर साइबर ठगों ने एक आंगनबाड़ी वर्कर से हजारों रुपये की राशि हड़प ली। इस बारे पीड़ित महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बरसीन निवासी महिला सीता रानी ने कहा है कि वह आंगनबाड़ी वर्कर के तौर पर काम करती है। उसे पीएमजीपी योजना के अनुसार लोन लेना था। इसके सम्बंध में उसकी प्रियंका चौधरी, अहमदाबाद के साथ बात हुई। प्रियंका ने उसे लोन के लिए बार-बार सम्पर्क किया और कहा कि उसकी फाइल तैयार करनी है। फाइल तैयार करने का पैसा वह उनके पास भेज दी। सीता रानी ने कहा कि उक्त महिला ने उसके बातों में फंसाकर उसके अकाउंट नंबर से पहले 10 हजार रुपये औश्र बाद में 31300 रुपये डलवा लिए। इसके बाद उसे पता चला कि प्रियंका चौधरी नामक उक्त महिला ने लोन के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की है और उससे 41300 रुपये हड़प लिए है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेले में आई महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**फतेहाबाद।** भूना में आयोजित बाबा राणाधीर मेले में एक महिला के गले से सोने की चैन चोरी होने का समाचार है। पुलिस ने मेले में एक महिला को सोने की चैन चोरी करते पकड़ा है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी महिला ज्योति ने कहा है कि गत दिवस वह बाबा राणाधीर मंदिर में आयोजित मेले में माथा टेकने के लिए गई हुई थी। उसके साथ उसका पति व बच्चे भी थे। जब वह मेले में घूम रही थी तो इसी दौरान अज्ञात ने उसके गले से करीब एक तोले सोने की चैन चोरी कर ली। उसी समय पुलिस प्रशासन द्वारा बाबा राणाधीर मंदिर में एक महिला को चैन चोरी करते पकड़ लिया। महिला ने कहा कि उक्त महिला ने ही उसके गले से सोने की
चोरी की है।

### टोहाना से युवा सीए लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना से एक युवा सीए के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 19, शक्ति नगर टोहाना निवासी मधुर बजाज ने उसका 31 वर्षीय भाई राहुल बजाज जोकि सीए है गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चला गाई और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। इसके बाद उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### स्वामी तेजगिरि कुटिया का 63वां वार्षिक उत्सव 7 को

**फतेहाबाद।** श्री श्री 1008 स्वामी तेज गिरि जी महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में जीटी रोड पर शिवपुरी में स्थित श्री श्री 1008 स्वामी तेजगिरि की कुटिया में 63वां वार्षिक उत्सव, विशाल सत्संग एवं भण्डारा 7 मार्च शुक्रवार को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। गोस्वामी अर्जुन गिरी महाराज की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ 7 मार्च को प्रातः 8 बजे हवन के साथ होगा। इसके बाद 9 बजे ध्वजारोहण होगा तथा 10 बजे सत्संग का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सत्संग के बाद श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। इसके बाद रात 9 बजे रात्रि चौकी का कार्यक्रम होगा जिसका रात 12 बजे आरती के समापन होगा।

### ठेकेदार ने डिवाइडर के उपर लगाए संकेत बोर्ड

**रतिया।** फतेहाबाद रोड पर सरदूलगढ़ कैंची चौक के पास डिवाइडर के नजदीक दुर्घटना पॉइंट को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी संदीप सचदेवा के निर्देशों पर रविवार ठेकेदार ने संकेत चिन्ह लगा दिए हैं, जिससे अब हादसों की संभावना कम हो जाएगी। सरदूलगढ़ कैंची चौक के पास जहां पर वाहनों के आवागमन के लिए ठेकेदार द्वारा कट बनाए गए थे।

## सफल व शांतिपूर्ण परीक्षाएं करवाना पहली प्राथमिकता: एसपी

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डबवाली पुलिस ने जांची परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए पुलिस मुस्तैद हैं। शांतिपूर्वक परीक्षाएं संपन्न करवाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उनहोंने कहा कि इसके लिए पुलिस टीमें स्कूलों की चेकिंग कर रही हैं व साथ ही स्कूल संचालकों को निर्देश भी दे रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने साथ डबवाली के स्कूलों में जांच अभियान चलाया। रात भर चले इस अभियान में सभी स्कूलों की जांच की गई। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रायः देखा जाता है कि कुछ अराजक तत्व बोर्ड की परीक्षाओं के समय परीक्षा केंद्रों के आसपास आवारागर्दी करते हुए घूमते हैं और परीक्षाओं को प्रभावित करते हैं। ऐसे मनचलों पर कार्यवाही करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्कूल परिसर के सीसीटीवी कैमरों की जांच करते रहें व बंद पड़े कैमरों को ठीक करवाएं। परीक्षाओं के दौरान अगर उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो इसकी सूचना आपातकालीन सेवा 112 व पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दें।

उन्होंने कहा कि संबंधित थानों के द्वारा सरपंचों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सरपंच अपने गांव में पडऩे वाले परीक्षा केंद्रों के आस पास के क्षेत्रों का मुआयना करें कि कहीं से भी कोई अराजक तत्व आकर परीक्षाओं को प्रभावित न कर सके। उन्होंने आगे कहा कि परीक्षाओं में विघ्न डालने वाले किसी भी अराजक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आस पास धारा 163 लागू कर दी गई है जिससे परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी फोटोस्टेट की दुकान नहीं खोली जाएगी। अगर कोई ऐसी गतिविधि में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



### बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में न हो कोई कोताही: उपायुक्त

**सिरसा।** जिले में 10वीं और 12वीं की राज्य बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए उपायुक्त शांतनु शर्मा ने खंड शिक्षा अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण भी उपस्थित रहे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं का सफल संचालन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। बैठक में उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की खिड़कियां, दरवाजे पूर्ण रूप से सही हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। इसी तरह प्रत्येक कक्षा में प्रॉपर लाइटिंग की व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक कक्षा में ड्यूल डेस्क और टाट-पट्टी की भी समुचित व्यवस्था की जाए। परीक्षा केंद्र पर अनावश्यक भीड़ न हो, इसके लिए गांव में सरपंच के माध्यम से मुनियादी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्र की पवित्रता बनाए रखें और बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करते हुए बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन में पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

## ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का जल्द मुआवजा दे सरकार : तजिन्द्र

- पचास हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

जम्हूरी किसान सभा हरियाणा के राज्य प्रवक्ता तजिन्द्र सिंह रतिया ने प्रदेश सरकार से हाल ही में हुई ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जल्द मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बहुत से जिलों में बहुत भारी ओलावृष्टि हुई हैं जिससे किसानों कि फसल बर्बाद हो गई है। ओलावृष्टि से प्रभावित हुए किसानों को स्पेशल गिरदावरी करवा कर सरकार जल्द से जल्द पचास हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दे। उन्होंने बताया कि आज किसान कर्ज से दबे हुए हैं और सरकार किसानों के साथ दुर्व्यवहार कर रही हैं। कारपोरेटों को फायदा पहुंचाने के लिए प्राईवेट कम्पनियों से फसल बीमा करवा कर कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाया जा रहा हैं वहीं किसान बिमा क्लेम लेने के लिए सरकारी आफिस के चक्कर काट रहे हैं या धरने प्रदर्शन करने पड़ रहे हैं। सरकार बिना किसी धरना प्रदर्शन के ही बड़े धनाढ्यों का कर्जा माफ कर दिया है और व्यापारियों के नुकसान की भरपाई के लिए करोड़ों रुपए दे दिए लेकिन किसानों के लिए सरकार ने नुकसान की भरपाई के लिए आनलाईन पोर्टल खोला है। किसान नेता ने कहा कि किसानों के प्रति सरकार के इस तरह के रवैये से बाज आना चाहिए और किसानों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। अगर सरकार किसानों को मुआवजा देने में कोई कदम नहीं उठाएगी तो जम्हूरी किसान सभा हरियाणा आंदोलन करके सरकार के खिलाफ मोर्चा लगाएगी।

### ललौदा में शराब निकालते एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने गांव ललौदा में छापेमारी कर एक व्यक्ति को शराब निकालते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पूर्ण सिंह पुत्र नारायण सिंह के तौर पर हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम एसआई ललित कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। जब टीम गांव ललौदा पहुंची तो पुलिस को सूचना मिली कि गांव ललौदा निवासी पूर्ण सिंह पुत्र नारायण सिंह अपने घर के पास पशु बाड़े में अवैध शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो वहां एक युवक भट्ठी पर शराब निकालने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पूर्ण सिंह बताया। पुलिस ने मौके से शराब की चलती भट्ठी पकड़ी और वहां से 20 लीटर लाहन बरामद किया।

## गुरुकृपा मंडल ने होली उत्सव में गुरु महिमा का किया गुणगान

- गणेश वंदना, गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

गुरूकृपा मंडल द्वारा मनाए जा रहे होली उत्सव के दौरान भट्टा कॉलोनी में कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मेहता परिवार ने ज्योति प्रचण्ड की। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद ममता तनेजा ने 'गुरु जी मुझे तुमने गले लगाया, राधा रानी हमारी सरकार' आदि भजनों से रसमयी माहौल बना दिया। उसके बाद टी-सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'गुरु जी मुझे तुमने गले लगाया' आदि भजनों से गुरु महिमा का वर्णन किया। गुरुदेव की कृपा से हमारे जीवन चल रहा है। गुरु कृपा की हमें पार लगा सकती है और जीवन यू बीता जाये, हरि तुम ना आये, श्याम बिन हमारा नहीं कोई रे, आदि भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मेहता परिवार ने गुरुकृपा मंडल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भारत टुटेजा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्याम बाबा का दरबार देखने योग्य था। इस मौके पर ममता मेहता, सुनीता खन्ना, नीरू, सरोज, कविता, ममता तनेजा, पायल टुटेजा, रेणु बाला सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# सरकार मजदूरों को कल्याण बोर्ड से कर रही बाहर

- भवन निर्माण कामगार यूनियन का सम्मेलन, जागीर सिंह बने जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भवन निर्माण कामगार यूनियन का 9वां सम्मेलन आज जिला प्रधान जागीर सिंह व उपप्रधान धर्मपाल जांडली खुर्द की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन का संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व सहसचिव मुकेश कुमार ने किया। बैठक में 3 मार्च को श्रम मंत्री कार्यालय पर किए जाने वाले आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन में जिला फतेहाबाद से काफी संख्या में निर्माण मजदूर भाग लेंगे। सम्मेलन में 13 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें से 12 स्थान भर लिए गए एक स्थान खाली रखा है। इसमें जिला प्रधान जागीर सिंह, जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा, जिला कैशियर मुकेश कुमार को सर्व समिति से चुना गया। कल्याण बोर्ड में जमा हजारों करोड़ रुपए पर प्रदेश सरकार कुंडली मारे बैठी है, जिसके खिलाफ मजदूरों के गुस्सा है।



**फतेहाबाद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन के सम्मेलन में भाग लेते पदाधिकारी।

### सुखबीर सिंह ने बैठक को किया संबोधित

बैठक को संबोधित करते हुए बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुखबीर सिंह व जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि राज्य सरकार अपने को दलितों व पिछड़ों का हितैषी होने का दावा करती है, जबकि उनके हकों पर डाका डालने का काम राज्य व देश की सरकार के रही है। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है, आए दिन दलित, मजदूर, पिछड़ा वर्ग विरोधी फैसला लिए जा रहे हैं। हाल ही निर्माण मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक करना, पहले भी समय पर सुविधाएं ना देना, लाभ के लिए दर दर भटकने को मजबूर करना सीधे तौर पर प्रदेश सरकार के मजदूरों के रुख के बारे में को साबित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार के मजदूर विरोधी रुख के खिलाफ हरियाणा के निर्माण मजदूर 4 मार्च को श्रम मंत्री कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को लेकर गांव-गांव में बैठकों का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड हर में रोज नई शर्तें लगाकर सरकार द्वारा निर्माण मजदूरों को लाभ से वंचित किया जा रहा है।

सम्मेलन को सीटू जिला कैशियर बेगराज, किसान सभा उपप्रधान रामस्वरूप, आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान शीला शक्करपुरा, मिड डे मील जिला प्रधान गगनदीप कौर, भट्ठा मजदूर यूनियन के प्रधान मदन सिंह, संतराम अहरवां, संदीप सहनाल, धर्मपाल जांडली खुर्द, प्रमोद ढाणी डुल्ट आदि ने संबोधित किया।

# खालसा कॉलेज में व्यक्तित्व विकास विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय कैम्प के दूसरे दिन स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. प्रदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास का मतलब है अपने गुणों, क्षमताओं, और व्यवहार को बेहतर



बनाना। यह एक सतत प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति अपनी कमजोरियों को दूर करने और अपनी ताकत को बढ़ाने का प्रयास करता है। व्यक्तित्व विकास के फायदे बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आपको किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी कौशल और आत्मविश्वास देता है। यह आपको अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करता है। अपने कौशल को निखारने के लिए कदम उठाएं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट प्रथम के इन्चार्ज प्रो. कृष्ण लाल व यूनिट द्वितीय के इंचार्ज प्रो. सुरेन्द्र सभरवाल उपस्थित रहे।

# बालाजी के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री काजलां धाम भगत मंडल रतिया के तत्वाधान में '7वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं भव्य रात्रि जागरण' का भव्य आयोजन अनाज मंडी प्रांगण में शनिवार रात्रि बड़ी धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरु महाराज काजलां धाम अंजनी कुमार जोशी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और रात्रि 10 बजे तक श्री सुंदरकांड का पाठ किया। तपश्चात भजन कीर्तन का दौर शुरू हुआ, जो रविवार सुबह तक चलता रहा। सुबह तक चले भव्य रात्रि जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जय बजरंगी जय बजरंगी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। इस भव्य रात्रि जागरण में जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक संजय पारिक, गुरूग्राम से नरेश सैनी व फतेहाबाद से साक्षी शर्मा सहित अनेक कलाकारों ने श्री बाला जी की महिमा पर एक से बढक़र एक समधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झुमने पर विवश कर दिया। भगत मंडल की ओर से पंडाल को बहुत सुंदर सजाया गया। बालाजी महाराज का भव्य दरबार व आलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। श्री बालाजी का अटूट लंगर वितरित किया गया। रविवार सुबह 7 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ बड़े हर्षोल्लास भरे माहौल में भव्य रात्रि जागरण का समापन हुआ। इस भव्य रात्रि जागरण की कामयाबी में शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस मौके पर काजलां धाम भक्त मंडल के समस्त सदस्य मौजूद रहे।



**रतिया।** बालाजी जागरण में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# विशाल रूहानी सत्संग में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहिनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां द्वारा समुह संगत जिला फतेहाबद के तत्वाधान में अनाज मंडी में 10वां विशाल रूहानी सत्संग का आयोजन किया गया। शहिनशाह जी के पंडाल में प्रविष्ठ होते ही मुख्य यजमानों ने चरणों में पुष्प अर्पित कर व माला डालकर स्वागत किया। रागी जत्थे ने श्री गुरुदाता के स्वागत में 'जय गुरुदेव-मनाऊ मैं, अपने गुरू की सेवा करके भव सागर तर जाऊं मैं' भजन गाया। इस मौके पर गुरुदाता शहिनशाह ने प्रवचन करते हुए कहा कि इंसान धन दौलत का लालच छोडक़र परमात्मा का सिमरन करें। सिमरन आत्मा की खुराक है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे माता-पिता व बुजुर्गो का सम्मान करे। माता-पिता का दिल दुखा कर धार्मिक स्थलों पर नाक रगडने का कोई फायदा नहीं। उन्होंने संगत को बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की शिक्षा दी। गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। अंत मे सचिव भीरा राम व जिला पार्षद वकील नथवान ने संयुक्त रुप से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यातिथिओं को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा,पंजाब व राजस्थान से काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### आत्मा के बिना शरीर का मोल नहीं

उन्होंने कहा कि शरीर तब तक अच्छा लगता है, जब तक उसमें आत्मा है। आत्मा के शरीर छोड़ते ही सभी लोग संस्कार की जल्दी करते हैं। आत्मा के बिना शरीर का कोई मोल नहीं। उन्होंने कहा कि आज इंसान धन दौलत व मोहमाया में फंसकर अपने परायों को भूल गया है।

### चौधरी देवी लाल विवि में असर-2024 रिपोर्ट का लोकार्पण



**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में प्रतिष्ठित असर-2024 सर्वे रिपोर्ट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सर्वे में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत को सराहा गया। कार्यक्रम में असर हरियाणा के राज्य संयोजक संदीप कुमार एवं जिला संयोजक हिमांशु ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान प्रो. निवेदिता ने विद्यार्थियों को असर सर्वे की विस्तृत जानकारी दी और कहा की यह कार्यक्रम न केवल शोध और सर्वेक्षण की उपयोगिता को रेखांकित करता है, बल्कि विद्यार्थियों को अकादमिक शोध में नए दृष्टिकोण प्रदान करने में कारगर साबित होगा। प्रो.रणजीत कौर ने अनुसंधान में सर्वे कौशल के महत्व को उजागर किया।

# उपमंडल पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी गठित, जगतार तारी बने तीसरी बार प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

उपमंडल पत्रकार संघ कालांवाली की एक बैठक पूर्व प्रधान अशोक गर्ग ओढ़ा की अध्यक्षता में बुलाई गई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जगतार सिंह तारी को तीसरी बार प्रधान चुना गया।

इसके अलावा पत्रकार संघ का उपप्रधान सुरेंद्रपाल सिंह साथी, महासचिव रेशम सिंह सिधू और कोषाध्यक्ष संदीप जैन को चुना गया। प्रधान चुने जाने पर जगतार सिंह तारी व अन्य पदाधिकारियों को सभी सदस्यों ने बधाई दी और भविष्य में पत्रकार साथियों को समाचार क्षेत्र में होने वाली समस्याओं का मिलजुल कर हल करने पर चर्चा की गई। संघ के सभी सदस्यों ने कहा कि संघ द्वारा समाज में आने वाली समस्याओं को एकजुटता दिखाते हुए प्रमुखता से उठाया जाएगा और पत्रकारों के हित में कार्य किए जाएंगे।



सिरसा। उपमंडल पत्रकार संघ के सदस्य।

# एफआईआर की चेतावनी के बाद निजी स्कूल संचालक ने बिना मंजूरी लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड उतारे

- आज से नपा द्वारा दीवारों पर लगे पोस्टर हटाने का चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया शहर में नगर पालिका की बिना मंजूरी एक निजी स्कूल संचालक द्वारा पुराना बस स्टैंड के ऊपर लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड के मामले में नगर पालिका द्वारा एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी के बाद देर शाम स्कूल संचालक द्वारा बिना मंजूरी लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड को उतार लिया। नगर पालिका ने सोमवार से शहर में दीवारों पर लगे हुए पोस्टर उतारने को लेकर भी अभियान चलाने का निर्णय लिया है।



रतिया। स्कूल संचालक द्वारा फ्लेक्स बोर्ड उतारने के बाद खाली पड़े हुए फ्रेम।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह ने बताया कि एक निजी स्कूल संचालक द्वारा पुराना बस स्टैंड के पास एक दुकान के ऊपर बिना मंजूरी अपने दो स्कूलों के फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए थे, जिसको लेकर नगर पालिका द्वारा स्कूल संचालक को नोटिस देकर बोर्ड लगाने की मंजूरी के दस्तावेज दिखाने और फीस भरने के निर्देश दिए थे लेकिन स्कूल संचालक द्वारा उनके नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया था। इस कारण नगर पालिका द्वारा स्कूल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का फैसला लिया गया था लेकिन देर शाम स्कूल संचालक ने बिना मंजूरी लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड को उतार लिया है। साथ ही सोमवार को जुर्माना सहित फीस भरने की बात भी कही है। अगर स्कूल संचालक द्वारा जुर्माना सहित फीस नहीं भरी जाती तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।